Bal Bharati PUBLIC SCHOOL LUDHIANA

**कक्षा - V**

**वार्षिक परीक्षा- मार्च 2024**

**नाम -** **दिनाँक- 18.03.24**

**अनुक्रमांक -** **कुल अंक - 80**

**समय अवधि - 3 घंटे** **भाग-क** **विषय - हिंदी**

**क गदयांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें -** **(5)**

परिश्रम आदर्श जीवन का मूल मंत्र है। इस संसार में जितने भी जीवित प्राणी हैं, कोई भी बिना कार्य किए नहीं रह सकता । फिर मनुष्य तो सर्वश्रेष्ठ प्राणी है । वास्तव मे श्रम के बिना मनुष्य के जीवन की गाड़ी नहीं चल सकती । आज संसार में जो भी उन्नति दिखाई दे रही है , मनुष्य के परिश्रम का ही फल है। परिश्रम से ही मनुष्य वर्तमान विकसित अवस्था में पहुँचा है । आलसी , परिश्रमहीन व्यक्ति जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं होता । विश्व में जितने भी महान व सफल व्यक्ति हुए हैं , वे प्रतिभाशाली होने के साथ-साथ परिश्रमी भी थे । परिश्रम से ही मनुष्य के कार्य की सिद्धि होती है ।

1 जीवन का मूल मंत्र क्या है ?

2 कौन जीवन में सफल नहीं होते ?

3 'हीन' प्रत्यय वाला एक शब्द गदयांश में से ढूँढकर लिखें ।

4 'अवनति' शब्द का विलोम गदयांश में से ढूँढकर लिखें ।

5 गदयांश का उचित शीर्षक लिखें ।

**ख वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें -** **(4)**

6 देश-विदेश में घूमना -

7 जिसका आचार-व्यवहार अच्छा न हो -

8 जो सामने न हो -

9 सम्पूर्ण जीवन तक -

**ग रिक्त स्थानों में उचित कारक चिन्ह लिखें और कारक का नाम लिखें -** **(3)**

10 विद्यार्थी बस ___________ उतरे । _________________

11 _____शांभवी ! तू कब आई ? _________________

12 पिता जी पूजा ___________ पुस्तक लाए । _________________



Scanned with OKEN Scanner

**घ रिक्त स्थानों में उचित समुच्चयबोधक शब्द लिखें -** **(4)**

13 तुम्हें खिलौना पसंद है __________ आइसक्रीम ।

14 तुम आ जाओ __________ सारा काम बिगड़ जाएगा ।

15 तुमने मना कर दिया __________ वह नहीं आया ।

16 तुम्हें माफी नहीं __________ सज़ा मिलनी चाहिए ।

**ङ विलोम शब्द लिखें -** **(5)**

17 सौभाग्य -    18 तीव्र -    19 स्वाधीन -    20 उदय -    21 स्वच्छ -

**च गिनती (हिंदी शब्दों में) लिखें -** **(5)**

22。(92)-    23。(76)-    24。(85)    25。(78)-    26。(94)

**छ अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कर के लिखो -** **(4)**

27 पिता जी आ ही गया है ।

28 तुमको गुरु जी बुला रहें है ।

29 छत में कौआ बैठा है ।

30 मेरे को पचास रुपये उधार चाहिए ।

**ज प्रत्यय लगाकर दो-दो नए शब्द लिखें -** **(6)**

31 आई    32 पन    33 कार

**झ मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ -** **(3)**

34 टेढ़ी खीर    35 हाथों के तोते उड़ जाना

**भाग - ख**

**ञ सही विकल्प चुन कर लिखें -** **(5)**

36 गुल्येल्मो मारकोनी के पिता क्या काम करते थे ?

i) मत्स्य पालन    ii) कीटपालन    iii) पशुपालन

37 थाने के प्रभारी का क्या नाम था ?

i) रेवती मोहन    ii) राम मोहन    iii) सोमेश मोहन

38 किसान ने खुश होकर मुंगेरी को क्या दिया ?

i) बकरी    ii) गाय    iii) बैल

39 कनकलता बरुआ किस प्रदेश की रहनी वाली थी ?

i) असम    ii) उत्तर प्रदेश    iii) मेघालय

40 गुल्येल्मो मारकोनी को अंग्रेज़ी बोलना किस ने सिखाया ?

i) पिता ने    ii) शिक्षक ने    iii) माँ ने



Scanned with OKEN Scanner

**ट उद्धरण पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें -** **(3)**

**" बचपन में गुल्येल्मो जिस यंत्र के बारे में पढ़ते , उसे बनाने में जुट जाते , भले ही घर की कितनी चीज़ें तोडनी पड़ें । उनके इस जोड़-तोड़ के स्वभाव के कारण उन्हें पिता जी से डाँट खानी पड़ती । "**

41 यह उद्धरण किस पाठ में से लिया गया है ?

42 गुल्येल्मो किसे बनाने में जुट जाते थे ?

43 उन्हें किससे डाँट पड़ती थी ?

**ठ निम्न शब्दों के अर्थ लिखें -** **(5)**

44 मुराद 45 अल्पवय 46 आंदोलन 47 अड़ना 48 भट्टी

**ड सही वर्तनी ( Spellings ) चुन कर लिखें -** **(3)**

49 अगरनि अग्रणी आग्रणी

50 माककर माक्कर मक्कार

51 परिस्थिति परिस्थिती परिस्थिटी

**ढ विलोम शब्द लिखें -** **(2)**

52 अनाथ 53 गुप्त

**ण वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें -** **(2)**

54 जिसकी सिद्धि जन्म से प्राप्त हो -

55 वह स्थान जहाँ वैज्ञानिक प्रयोग करते हों -

**त दो-दो समान तुक वाले शब्द लिखें -** **(2)**

56 होकर - 57 हिमालय -

**थ क्रिया शब्द रेखांकित करें और क्रिया का काल लिखें -** **(2)**

58 यह क्या तमाशा कर रहे हो ? ________________

59 कल मेरे साथ चलकर देख लीजिएगा । ________________



Scanned with OKEN Scanner

**द अति लघु प्रश्न -** **(1x4=4)**

60 ‘हिमालय’ कविता के रचयिता कौन हैं ?

61 गुल्येल्मो मारकोनी के प्रयोगों में कौन उनका साथ देता था ?

62 पहली गोली किसे लगी ?

63 तीनों व्यक्तियों ने बैल को क्या कहकर पाँच रुपये में मुंगेरी से ले लिया ?

**ध लघु प्रश्न -** **(2x2=4)**

64 कनकलता का बलिदान क्या रंग लाया ?

65 बाज़ार के सभी दुकानदार टोपी पहने मुंगेरी के सम्मान में खड़े क्यों हो रहे थे ?

**न मूल्यपरक प्रश्न -** **(3)**

66 क्या लड़कियाँ या स्त्रियाँ कमजोर और अबला होती है ? तुम क्या सोचते हो - लिखो

**प कहानी लेखन-** **(6)**

**67 संकेतों के आधार पर ‘बोलती गुफा’ कहानी लिखें -**

जंगल - भूखा शेर - सियार की गुफा - छिपना - प्रतीक्षा - सियार का आना - पैरों के निशान - समझदारी से काम - गुफा से बात करना - गुफा का न बोलना - शेर का जवाब देना - सियार का वापिस जाना

शिक्षा -



Scanned with OKEN Scanner

Bal Bharati PUBLIC SCHOOL LUDHIANA

**कक्षा - V**

**वार्षिक परीक्षा- मार्च 2024**

**नाम -** **दिनाँक- 18.03.24**

**अनुक्रमांक -** **उत्तर कुंजी** **कुल अंक - 80**

**समय अवधि - 3 घंटे** **भाग-क** **विषय - हिंदी**

**क गदयांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें -** **(5)**

परिश्रम आदर्श जीवन का मूल मंत्र है। इस संसार में जितने भी जीवित प्राणी हैं, कोई भी बिना कार्य किए नहीं रह सकता । फिर मनुष्य तो सर्वश्रेष्ठ प्राणी है । वास्तव मे श्रम के बिना मनुष्य के जीवन की गाड़ी नहीं चल सकती । आज संसार में जो भी उन्नति दिखाई दे रही है , मनुष्य के परिश्रम का ही फल है। परिश्रम से ही मनुष्य वर्तमान विकसित अवस्था में पहुँचा है । आलसी , परिश्रमहीन व्यक्ति जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं होता । विश्व में जितने भी महान व सफल व्यक्ति हुए हैं , वे प्रतिभाशाली होने के साथ-साथ परिश्रमी भी थे । परिश्रम से ही मनुष्य के कार्य की सिद्धि होती है ।

1 जीवन का मूल मंत्र क्या है ?

**उ- परिश्रम जीवन का मूल मंत्र है ।**

2 कौन जीवन में सफल नहीं होते ?

**उ- आलसी, परिश्रमहीन व्यक्ति जीवन में सफल नहीं होते ।**

3 'हीन' प्रत्यय वाला एक शब्द गदयांश में से ढूँढकर लिखें ।

**उ- परिश्रमहीन ।**

4 'अवनति' शब्द का विलोम गदयांश में से ढूँढकर लिखें ।

**उ- उन्नति ।**

5 गदयांश का उचित शीर्षक लिखें ।

**उ- परिश्रम का महत्व ।**

**ख वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें -** **(4)**

6 देश-विदेश में घूमना - **पर्यटन**

7 जिसका आचार-व्यवहार अच्छा न हो - **दुराचारी**



Scanned with OKEN Scanner

8 जो सामने न हो - **परोक्ष**

9 सम्पूर्ण जीवन तक - **आजीवन**

**ग रिक्त स्थानों में उचित कारक चिन्ह लिखें और कारक का नाम लिखें -** **(3)**

10 विद्‌यार्थी बस **से** उतरे । **अपादान कारक**

11 **अरे!**शांभवी ! तू कब आई ? **संबोधन कारक**

12 पिता जी पूजा **के लिए** पुस्तक लाए । **संप्रदान कारक**

**घ रिक्त स्थानों में उचित समुच्चयबोधक शब्द लिखें -** **(4)**

13 तुम्हें खिलौना पसंद है **या** आइसक्रीम ।

14 तुम आ जाओ **वरना,अन्यथा** सारा काम बिगड़ जाएगा ।

15 तुमने मना कर दिया **इसलिए** वह नहीं आया ।

16 तुम्हें माफी नहीं **बल्कि** सज़ा मिलनी चाहिए ।

**ङ विलोम शब्द लिखें -** **(5)**

17 सौभाग्य - **दुर्भाग्य** 18 तीव्र - **मंद** 19 स्वाधीन - **पराधीन** 20 उदय - **अस्त** 21 स्वच्छ - **दूषित**

**च गिनती (हिंदी शब्दों में) लिखें -** **(5)**

22。(92)- **बानवे** 23。(76)- **छिहत्तर** 24。(85)-**पचासी** 25。(78)- **अठहत्तर** 26。(94)-**चौरानवे**

**छ अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कर के लिखो -** **(4)**

27 पिता जी आ ही गया है ।

**उ- पिता जी आ गए हैं ।**

28 तुमको गुरु जी बुला रहें है ।

**उ- तुम्हें गुरु जी बुला रहें हैं ।**

29 छत में कौआ बैठा है ।

**उ- छत पर कौआ बैठा है ।**

30 मेरे को पचास रुपये उधार चाहिए ।

**उ- मुझे पचास रुपये उधार चाहिए ।**

**ज प्रत्यय लगाकर दो-दो नए शब्द लिखें -** **(6)**

31 आई- **लिखाई,पढ़ाई,बुनाई,चढ़ाई** 32 पन- **लड़कपन,बचपन,अपनापन,पागलपन** 33 कार- **पत्रकार , लेखाकार,चित्रकार,जानकार,साहित्यकार**

**झ मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ -** **(3)**

34 टेढ़ी खीर - **(कठिन काम)- उस सेठ से पैसे निकलवाना टेढ़ी खीर है ।**



Scanned with OKEN Scanner

35 हाथों के तोते उड़ जाना-**(बहुत अधिक घबरा जाना)- कमरे में साँप देखकर मेरे हाथों के तोते उड़ गए।**

**भाग - ख**

**ञ सही विकल्प चुन कर लिखें -** **(5)**

36 गुल्येल्मो मारकोनी के पिता क्या काम करते थे ?

i) मत्स्य पालन ✓ii) **कीटपालन** iii) पशुपालन

37 थाने के प्रभारी का क्या नाम था ?

✓i) **रेवती मोहन** ii) राम मोहन iii) सोमेश मोहन

38 किसान ने खुश होकर मुंगेरी को क्या दिया ?

i) बकरी ii) गाय ✓iii) **बैल**

39 कनकलता बरुआ किस प्रदेश की रहनी वाली थी ?

✓i) **असम** ii) उत्तर प्रदेश iii) मेघालय

40 गुल्येल्मो मारकोनी को अंग्रेज़ी बोलना किस ने सिखाया ?

i) पिता ने ii) शिक्षक ने ✓iii) **माँ ने**

**ट उद्धरण पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें -** **(3)**

**" बचपन में गुल्येल्मो जिस यंत्र के बारे में पढ़ते , उसे बनाने में जुट जाते , भले ही घर की कितनी चीज़ें तोडनी पड़ें । उनके इस जोड़-तोड़ के स्वभाव के कारण उन्हें पिता जी से डाँट खानी पड़ती । "**

41 यह उद्धरण किस पाठ में से लिया गया है ?

**उ- यह उद्धरण 'गुल्येल्मो मारकोनी' पाठ में से लिया गया है ।**

42 गुल्येल्मो किसे बनाने में जुट जाते थे ?

**उ- गुल्येल्मो जिस यंत्र के बारे में पढ़ते , उसे बनाने में जुट जाते ।**

43 उन्हें किससे डाँट पड़ती थी ?

**उ- उन्हें पिता जी से डाँट पड़ती थी ।**

**ठ निम्न शब्दों के अर्थ लिखें -** **(5)**

44 मुराद - **इच्छा** 45 अल्पवय-**छोटी आयु** 46 आंदोलन-**हलचल** 47 अड़ना-**ठहरना** 48 भट्ठी-**अँगीठी**

**ड सही वर्तनी ( Spellings ) चुन कर लिखें -** **(3)**

49 अगरनि **<u>अग्रणी</u>** आग्रणी



Scanned with OKEN Scanner

50 माककर माक्कर **<u>मक्कार</u>**

51 **<u>परिस्थिति</u>** परिस्थिती परिस्थिटी

**ढ विलोम शब्द लिखें -** **(2)**

52 अनाथ-**सनाथ** 53 गुप्त-**प्रकट**

**ण वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें -** **(2)**

54 जिसकी सिद्धि जन्म से प्राप्त हो - **जन्मसिद्ध**

55 वह स्थान जहाँ वैज्ञानिक प्रयोग करते हों - **प्रयोगशाला**

**त दो-दो समान तुक वाले शब्द लिखें -** **(2)**

56 होकर - **धोकर,खोकर,रोकर** 57 हिमालय - **विद्यालय,पुस्तकालय,मेघालय,औषधालय**

**थ क्रिया शब्द रेखांकित करें और क्रिया का काल लिखें -** **(2)**

58 यह क्या तमाशा **<u>कर रहे</u>** हो ? **वर्तमान काल**

59 कल मेरे साथ चलकर देख **<u>लीजिएगा</u>** । **भविष्यत काल**

**द अति लघु प्रश्न -** **(1x4=4)**

60 'हिमालय' कविता के रचयिता कौन हैं ?

**उ - 'हिमालय' कविता के रचयिता 'सोहन लाल द्विवेदी' हैं।**

61 गुल्येल्मो मारकोनी के प्रयोगों में कौन उनका साथ देता था ?

**उ- गुल्येल्मो मारकोनी के प्रयोगों में उनका मित्र लुइगी सोलारी उनका साथ देता था ।**

62 पहली गोली किसे लगी ?

**उ- पहली गोली कनकलता बरुआ को लगी ।**

63 तीनों व्यक्तियों ने बैल को क्या कहकर पाँच रुपये में मुंगेरी से ले लिया ?

**उ- तीनों व्यक्तियों ने बैल को मरियल भेड़ कहकर पाँच रूपये में मुंगेरी से ले लिया ।**

**ध लघु प्रश्न -** **(2x2=4)**

64 कनकलता का बलिदान क्या रंग लाया ?

**उ- कनकलता के बलिदान से युवाओं में जोश ओर भी बढ़ गया । वे एक-एक करके गोलियों के सामने सीना तानकर बढ़ते गए और अंत में रामपति राजखोवा ने थाने पर झंडा फहरा दिया ।**

65 बाज़ार के सभी दुकानदार टोपी पहने मुंगेरी के सम्मान में खड़े क्यों हो रहे थे ?



Scanned with OKEN Scanner

**उ- दुकान के मालिको को पहले से ही उनकी पेशगी रकम मिल चुकी थी । वैसे भी दुकान के मालिकों को दाम से मतलब था, वह उन्हें मिल चुका था। इसलिए मुंगेरी को रईस दिखाने के लिए उसके कहे अनुसार दुकानदार उसके सम्मान में खड़े हो रहे थे ।**

**न मूल्यपरक प्रश्न -** **(3)**

66 क्या लड़कियाँ या स्त्रियाँ कमजोर और अबला होती है ? तुम क्या सोचते हो - लिखो

**उ- लड़कियाँ या स्त्रियाँ किसी भी प्रकार से अबला या कमज़ोर नहीं हैं । कोई भी ऐसा क्षेत्र या कार्य नहीं जहाँ लड़कियाँ लड़कों से पीछे हों । लड़कियाँ तो लड़कों के कंधे से कंधा मिलाकर चलती हैं । हमारा इतिहास भी इस बात का साक्षी है ।**

**प कहानी लेखन-** **(6)**

**67 संकेतों के आधार पर 'बोलती गुफा' कहानी लिखें -**

जंगल - भूखा शेर - सियार की गुफा - छिपना - प्रतीक्षा - सियार का आना - पैरों के निशान - समझदारी से काम - गुफा से बात करना - गुफा का न बोलना - शेर का जवाब देना - सियार का वापिस जाना

शिक्षा -

**( छात्रगण स्वयं करेंगे )**



Scanned with OKEN Scanner